... के लिए एंटीबायोटिक्स के टीके लगाए जाते हैं।

जिले के 250 अपराधियों का सत्यापन खुद करेंगे थानेदार : डीआइजी

डोर-टू-डोर चलेगा 15 दिन का विशेष अभियान

झाँसी : सोमवार को डीआइजी जोगेन्द्र कुमार ने कैम्प कार्यालय पर मासिक समीक्षा बैठक में झाँसी मण्डल की कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले के 250 अपराधियों का सत्यापन थानेदार खुद करेंगे। इसके लिए डोर- टू-डोर 15 दिन का विशेष अभियान चलाया जायेगा। जिसकी समीक्षा वह खुद करेंगे। इसके अलावा, टॉप-10 अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही कर भी रिपोर्ट देनी होगी। साथ ही महिला अपराधों पर पूरी तरह लगाम लगाने के लिए ऐण्टि रोमियो स्क्वॉड व शक्ति मोबाइल हर समय भ्रमणशील रखने के भी निर्देश दिये।

डीआइजी जोगेन्द्र कुमार ने कहा कि झाँसी में 213, जालौन में 213 व ललितपुर में 250 अपराधी ऐसे हैं, जिनकी सम्पत्ति सम्बन्धी मामलों में संलिप्ता सामने आई है। साथ ही वह जमानत पर हैं। तीनों जनपदों में सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये।

आगामी 22 मार्च से नवरात्रि व रमजान प्रारम्भ होने के परिप्रेक्ष्य में समुचित सुरक्षा व्यस्था के निर्देश दिये। कहा कि नियमित रूप से फुट पेट्रोलिंग एवं ऐण्टि रोमियो स्क्वायड व शक्ति मोबाइल को भ्रमणशील रखने के निर्देश दिये। डीआइजी ने झाँसी की यातायात व्यवस्था में कोई सुधार न होने पर नाराजगी जताई साथ ही एसएसपी को व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश एस, एसपी जालौन ईराज राजा, ललितपुर के अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार मौजूद रहे।

सीपरी बाजार फ्लाईओवर के नीचे रखी पौधों की मिट्टी बेकार

झाँसी : नगर निगम के मुख्य अभियन्ता एसके सिंह ने सीपरी बाजार ओवर ब्रिज के नीचे चल रहे कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने फ्लाईओवर के नीचे पौधों के लिये रखी मिट्टी को बेकार बताया। उन्होंने निर्देश दिये कि मिट्टी तत्काल हटवायें। ट्रेडिंग एंजिनियर के ठेकेदार को निर्देश दिये कि पौधों के लिये उपयुक्त मिट्टी डलवायें। मिट्टी का भराव सही तरीके से नहीं किया गया है। क्यारियों में जो पौधे लगाये गये हैं, उनकी ऊँचाई कम है। कम से कम 2 फीट ऊँचाई होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि यदि जल्द सुधार नहीं किया तो कार्यवाही की जायेगी।